## महत्वपूर्ण एवं खास

### 29 व 30 नवंबर को पांच ट्रेनें रद्द रहेगी

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के तिरोड़ा स्टेशन में राजनांदगाव-कलमना तीसरी रेल लाइन व ऑटो सिग्नलिंग कार्य के अंतर्गत इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग कमीशनिंग का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण 5 ट्रेनों का परिचालन 29 व 30 नवंबर को रद्द रहेगी। रेल मंडल से मिली जानकारी के अनुसार रद्द की गई ट्रेनों में दुर्ग एवं गोंदिया स्टेशनों के मध्य चलने वाली 08741 दुर्ग-गोंदिया' मेमू स्पेशल, गोंदिया एवं इतवारी स्टेशनों के मध्य चलने वाली 08743 गोंदिया-इतवारी' मेमू स्पेशल, इतवारी एवं गोंदिया स्टेशनों के मध्य चलने वाली 08744 इतवारी-गोंदिया' मेमू स्पेशल, गोंदिया एवं दुर्ग स्टेशनों के मध्य चलने वाली 08742 गोंदिया-दुर्ग' मेमू स्पेशल एवं शालीमार एवं पोरबंदर स्टेशनों के मध्य चलने वाली 00914 पार्सल स्पेशल रद्द रहेगी।

### बाइक सवार दादा-पोता बिजली खंबे से टकराए, दादा की मौत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने दादा-पोते बाइक से जा रहे थे तभी एक बिजली खंबे से जा टकराए। जिसस दादा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पोते को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बता दे कि तखतपुर निवासी मृतक पुनाराम बिरको 55 वर्ष अपने 17 वर्षीय पोता अनिकेत के साथ बाइक से अपने दामाद के यहां दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था तभी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली खंबे से जा टकराई। इस हादसे में पुनाराम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अनिकेत को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची कोटा थाना पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई : मकान में चोरी करने वाले दो आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर (आरएनएस)।** टिकरापारा थाना पुलिस ने गोकुल नगर स्थित मकान में चोरी करने वाले 2 आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक प्रार्थिया नसीम परवीन ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया था । प्रार्थिया दिनांक 20.09.2021 को रात्रि अपने घर में सोयी थी तथा परिवार के अन्य सदस्य भी अलग - अलग कमरों में सोये थे। इसी दौरान रात्रि करीबन 02:45 बजे प्रार्थिया की ननद आसिया बेगम ने अपने भाई उस्मान का नाम लेते हुए चिल्लाई कि घर के रूम में कोई चोर घुस गया है। जिस पर प्रार्थिया आवाज सुनकर अपने पति उस्मान के साथ उठकर रूम से जैसे ही बाहर निकली तो दो अज्ञात व्यक्ति घर के रूम से निकल कर भाग गये। रूम में जाकर देखने पर सामान अस्त व्यस्त था आलमारी खुला हुआ था, अलमारी में रखी सोने का टाप्स, लॉकेट, नगदी रकम तथा एक नग मोबाईल नहीं था। दोनों अज्ञात चोर उक्त मशरूका को चोरी कर ले गये थे। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 392/21 धारा 380, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। फिरहाल आरोपी पुलिस के कब्जे में है।

# दो दिन किसानों को रहना होगा अलर्ट, हो सकती है तेज बारिश

**» कटे फसलों को हो सकता है नुकसान**

**» मौसम विभाग ने दी चेतावनी**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में आगामी दो दिन 18 एवं 19 नवंबर को प्रदेश किसानों को अलर्ट रहना होगा, क्योंकि इन दिनो दिन में प्रदेश में कहीं-कहीं तेज बारिश हो सकती है, जिससे कटे फसलों को ज्यादा नुकसान हो सकता है।

स्थानीय मौसम विभाग के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा थाईलैंड और उसके आसपास दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर स्थित है, इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रबल होकर और अवदाब के रूप में उत्तरी अंडमान सागर और उससे लगे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर 15 नवंबर को पहुंचने की संभावना है। उसके बाद यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और प्रबल होकर आंध्रप्रदेश के तट पर उसके अगले 48 घंटे में पहुंचने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश में 18 और 19 नवंबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

श्री चंद्रा ने बताया कि बेमौसम बारिश होने से खड़े फसलों पर नहीं ज्यादा नहीं पर सभी प्रकार के कटे फसलों को ज्यादा नुकसान हो सकता है। ऐसे में किसानों को कटे हुए फसलों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा।

**राजधानी के कई इलाको में हुई हल्की वर्षा व बूंदाबांदी-** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार से बदली व काले बादल आसमान पर छा रहे, वहीं आज सुबह से शहर के कई इलाकों में हल्की वर्षा व बुंदाबांदी भी हुई। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई स्थानों पर बदली के साथ कहीं-कहीं काले बादल छाये हुए है। बदली के कारण ठंड कम हो गई है। रायपुर में भी शुक्रवार से बदली छायी रही, वहीं आज सुबह से ही काले बादल भी छाये रहे, जिससे रायपुर व आसपास के क्षेत्र में कहीं-कहीं पर हल्की बारिश व बूंदाबांदी हो रही है। बादलों के कारण रात का तापमान राजधानी में रात का पारा सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है। प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में भी बदली का असर स्पष्ट नजर आ रहा है।

## मणिपुर में उग्रवादी हमले में कर्नल विप्लव त्रिपाठी और उनकी धर्मपत्नी और पुत्र शहीद हुए



**» मुख्यमंत्री बघेल ने कर्नल विप्लव त्रिपाठी की शहादत को नमन करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की**

**रायगढ़ ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मणिपुर राज्य के चुराचन्दपुर जिले के ग्राम सियालसी के समीप हुए उग्रवादी हमले की निंदा की है। इस उग्रवादी हमले में दैनिक बयार रायगढ़ के सम्पादक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुभाष त्रिपाठी के पुत्र कर्नल विप्लव त्रिपाठी, बहू श्रीमती अनुजा त्रिपाठी एवं पांच वर्षीय पौत्र अबीर त्रिपाठी शहीद हो गए। यह घटना आज पूर्वान्ह 11.30 बजे उस वक्त घटित हुई, जब कर्नल विप्लव त्रिपाठी, बिहांग को-पोस्ट का विजिट कर वापस लौट रहे थे। सियालसी गांव के पास एम्बुस लगाएं उग्रवादियों ने हमला कर दिया, जिसमें वे और उनके परिवार के लोग शहीद हो गए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उग्रवादी हमले को कायराना कृत्य करार देते हुए इसकी कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। उन्होंने कर्नल विप्लव त्रिपाठी की शहादत को नमन करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## झीरम घाटी हमला रिपोर्ट पर अजय चंद्राकर ने कांग्रेस सरकार पर किया हमला

**» कहा-रिपोर्ट अधूरी है मुख्यमंत्री बघेल को यह कैसे पता चला**

**रायपुर (आरएनएस)।** भाजपा के पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर ने आज झीरम घाटी हमले की रिपोर्ट पर कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कहते है कि रिपोर्ट आधी अधूरी है। इस पर चंद्राकर ने मुख्यमंत्री बघेल से सवाल किया कि रिपोर्ट को उन्होंने कब पढ़ ली और उन्हें कैसे पता चला कि रिपोर्ट आधी अधूरी है।

चंद्राकर ने आज कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में यह बात कहीं। प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय भी मौजूद थे। चंद्राकर ने झीरम हमले की रिपोर्ट को मुख्यमंत्री बघेल द्वारा आधी-अधूरी बताये जाने के बयान पर पलटवार करते हुए बघेल से सवाल किया कि उन्होंने यह रिपोर्ट कब पढ़ ली और उन्हें कैसे मालूम हुआ कि रिपोर्ट आधी-अधूरी है। चंद्राकर ने रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि आखिर ऐसा क्या है जो सरकार बताने से डर रही है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल कहते है कि उनके पास सबूत हैं तो सबूत पेश क्यों नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि हमले के मंत्री कवासी लखमा प्रत्यक्षदर्शी है सबसे पहले कवासी लखमा को इस्तीफा देना चाहिए।

## सलमान खुर्शीद, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम के खिलाफ सिविल लाइन थाने में भाजपा नेताओं ने दर्ज कराई शिकायत

**रायपुर (आरएनएस)।** भाजपा विधायक पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रेम प्रकाश पांडे ,अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा, नारायण चंदेल एवं राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम ने आज सिविल लाइन थाना पहुंचकर कांग्रेसी नेता सलमान खुर्शीद ,दिग्विजय सिंह एवं पी चिदंबरम के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने और समाज में अराजकता का माहौल निर्मित करने का आरोप लगाते हुए इनके खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने थाने में शिकायत दर्ज करवाई ।

भाजपा नेताओं ने आज दोपहर सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कांग्रेसी नेता सलमान खुर्शीद ने अयोध्या को लेकर लिखी अपनी किताब सनराइज ओवर अयोध्या नेशन हुड इन अवर टाइम्स में हिंदुत्व की तुलना आईएसआईएस और बोको हराम जैसे जिहादी इस्लामी संगठनों से की है। आईएसआईएस के आतंकी संगठन है जो सम्पूर्ण विश्व में अनावश्यक विस्फोटक का डर व मातम का माहौल निर्मित करते हैं , एवं देश और विदेशों में अराजकता व भय का माहौल निर्मित करते हैं इसी प्रकार बोको हराम जिहादी इस्लाम वे इस्लामिक संगठन है जो कि इस्लाम धर्म को ही धर्म मानते हैं एवं इस धर्म से संबंधित न होने वाले लोगों को तुक्ष समझते हुए उसके साथ मारकाट करने का कृत्य करते हैं।

भाजपा नेताओं ने अपनी शिकायत में कहा है कि इस प्रकार कांग्रेसी नेता सलमान खुर्शीद द्वारा लिखी किताब सनराइज ओवर अयोध्या नेशन हुड इन अवर टाइम्स में हिंदुओं के प्रति की गई टिप्पणी निसंदेह हिंदू धर्म का अपमान होते हुए देश में अराजकता एवं आतंक का माहौल निर्मित करने के उद्देश्य की गई है । सलमान खुर्शीद के उस किताब के विमोचन में पी चिदंबरम एवं दिग्विजय सिंह ने सहयोगी की भूमिका अदा की है व दोनों ने एवं उक्त पुस्तक तथा कृत्य को सही ठहराया है। सलमान खुर्शीद ,पी चिदंबरम एवं दिग्विजय सिंह के उक्त कृत्य से राष्ट्र के समस्त हिंदू धर्मावलंबियों एवं लोगों की भावना आहत हुई है इनके इस कृत्य से संपूर्ण समाज के लोगों की भावना आहत हुई है तथा भारत के नागरिक होने के नाते उक्त बयान एवं पुस्तक से काफी आहत हूं ।

## नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर किया था अपहरण

**» शादी कर पत्नी बनाकर रखने का प्रलोभन देकर जबरदस्ती करता रहा दुष्कर्म**

**» पीड़ित ने गर्भवती होकर दिया नवजात बच्चे को जन्म, दुष्कर्मी गिरफ्तार**

**» थाना सिटी कोतवाली पुलिस की कार्यवाही**



**धमतरी (आरएनएस)।** प्रार्थिया थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 18/11/2020 को सुबह 9:00 बजे उसकी नाबालिक लड़की घर से बाहर बिना बताए गई थी, जो वापस नहीं आई। आसपास, मोहल्ले, रिश्तेदारों व उसकी सहेलियों से भी पता करने पर कोई पता नहीं चला। जिस पर गुम इंसान कायम कर गुमशुदा नाबालिग बालिका होने तथा वैद्य संरक्षक की अनुमति के बिना किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण करने की आशंका व्यक्त की गई। उक्त रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 565/20 धारा 363 भा.द.वि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने लंबित मामलों के निराकरण तथा नाबालिकों की जल्द से जल्द पतासाजी कर वैधानिक कार्यवाही करने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पॉल के मार्गदर्शन व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अरुण जोशी के पर्यवेक्षण में अपहृत नाबालिग बालिका व अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु विश्वसनीय मुखबिर लगाए गए।

इसी दौरान मुखबिर सूचना पर अपहृत नाबालिग बालिका को विधिवत बरामद कर पूछताछ किया गया। अपहृता अपने कथन में बतायी कि अधारी नवागांव निवासी गोपाल पटेल ने उसे बहला-फुसलाकर, शादी करने का प्रलोभन देकर अपने साथ भगाकर उड़ीसा ले गया और उसके मना करने के बावजूद कई बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई तथा डेढ़ माह पूर्व एक नवजात बच्ची को जन्म दी। विवेचना क्रम में पीड़ित नाबालिग बालिका के कथन, चिकित्सकीय परीक्षण रिपोर्ट एवं उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर मामले में धारा 366, 376 भादवि एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 6 जोड़ते हुए आरोपी गोपाल पटेल पिता स्वर्गीय अक्तू राम पटेल उम्र 22 वर्ष साकिन अधारी नवागांव धमतरी जिला धमतरी को विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## अधिक दाम पर खाद बेचने पर लगा 03.82 लाख का जुर्माना

**कोंडागांव (आरएनएस)।** जिले में तय दर से अधिक दाम पर उर्वरक बेचने के मामले में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जायसवाल कृषि केन्द्र पर 03 लाख 82 हजार का जुर्माना लगाया है। साथ ही दुकान के संचालक को दोबारा ऐसा नहीं करने चेताया है। ज्ञात हो कि जिले में अधिक दाम पर उर्वरकों के विक्रय के संबंध में जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने सभी दुकानों के आकस्मिक जांच कर उर्वरक अधिक दाम पर बेचने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये थे।

10 अगस्त को राजस्व विभाग के दल ने दबिश देकर जायसवाल कृषि केन्द्र के संचालकों को अधिक दाम पर उर्वरक विक्रय करते पाया गया था। जिसपर दुकान पर तालाबंदी कर कृषि विभाग द्वारा जांच रिपोर्ट तैयार की गई थी।

जिसके आधार पर कलेक्टर ने जायसवाल कृषि केन्द्र के संचालकों को निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय, दैनिक स्कंध तथा मूल्य सूची का प्रदर्शन न करना, बिना कैश मेमों के उर्वरक विक्रय, निरीक्षक द्वारा पंजीयन प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत नही करने, व्यवसाय से संबंधित मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत नही करने व असत्य रिकार्ड दर्ज करने पर केशकाल के ग्राम सुरडोंगर निवासी सालिकराम मेसर्स जायसवाल जायसवाल कृषि सेवा केन्द्र पर 03 लाख 82 हजार 820 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया।

## नक्सलियों ने अपहरित लक्ष्मण को मुक्त किया

**» अपहरित लक्ष्मण परतागिरी ने अपनी आपबीती बताई**



**बीजापुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में कार्यरत कार्यालय सहायक लक्ष्मण परतागिरी को अपहर्ता नक्सलियों ने 11 नवंबर की रात अगवा करने के बाद रात में भात और लौकी की सब्जी खिलाई, फिर 12 नवंबर को पौ फटने के पहले तक जंगल में आंख में पट्टी बांधकर रात भर घुमाया। इस बीच लक्ष्मण की धर्मपत्नी श्रीमती सत्यवती परतागिरी 12 नवंबर को गोरना गांव गई और ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने ग्रामीणों के माध्यम से उनके पति को मुक्त करने की अपील नक्सलियों से की। नक्सलियों ने उन्हें शाम 06 बजे मुक्त कर दिया। इसके लिए सत्यवती ने अपहर्ताओं नक्सलियों का आभार माना है।

अपहरित लक्ष्मण परतागिरी ने अपनी आपबीती सुनाते कहा कि सब इंजीनियर अजय रौशन लकड़ा के साथ वे एक अन्य अधिकारी की बाइक से 11 नवंबर की दोपहर साढ़े 12 बजे कार्यालय से निकले और सड़क निरीक्षण करने 05 किमी दूर गोरना गांव पहुंचे। जब वे निरीक्षण कर लौटने लगे तब 20 से 25 वर्ष आयुवर्ग के 10 से 12 नक्सली सादे कपड़े में आ गए। तीर धनुष एवं कुल्हाड़ी पकड़े इन नक्सलियों ने सबसे पहले बाइक की चाबी, पर्स और मोबाइल रख लिए। इसके बाद सब इंजीनियर और उनकी आंखों में पट्टी बांध दी गई। गोरना गांव से ही दोनों को अलग कर दिया गया। नक्सली उसे कहां ले गए यह पता नहीं चला क्योंकि आंख में पट्टी बंधी हुई थी और अंधेरा था।

नक्सलियों ने लक्ष्मण से गोरना आने का कारण सहित सभी जानकारी ली। एक स्थान पर रात करीब साढ़े 08 बजे नक्सलियों ने उन्हें भोजन दिया। भोजन में भात और लौकी की सब्जी थी। फिर नक्सली उसे जंगल में ले गए और घुमाते रहे। सुबह पौ फटने से पहले तीन बजे वे एक स्थान पर रूके और वहां कुछ देर विश्राम किया, उठने के बाद फिर से पूछताछ हुई, इसके बाद नक्सलियों ने उन्हें शाम 06 बजे मुक्त कर दिया।

# अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर ने धान खरीदी के तैयारियों की समीक्षा की

**» खरसिया व पुसौर में ली बैठक**

**» योजनाओं के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश**




**रायगढ़।** अध्यक्ष अपेक्स बैंक एवं छत्तीसगढ़ केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बैजनाथ चंद्राकर आज रायगढ़ जिले के प्रवास पर रहे। यहां उन्होंने खरसिया एवं पुसौर में शाखा प्रबंधकों, जिले के नोडल अधिकारियों तथा पर्यवेक्षको की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप आगामी धान खरीदी की समुचित व्यवस्था, बारदाना, धान के भंडारण व सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। चंद्राकर ने आगामी धान खरीदी की तैयारी एवं ट्रांसपोर्टिंग व्यवस्था पर चर्चा करते हुए धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था की जानकारी ली। जिले के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में कुल 110 समितियां है तथा 134 उपार्जन केन्द्र बनाए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि धान खरीदी व्यवस्थित रूप से हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बैजनाथ चन्द्राकर द्वारा किसान पंजीयन समय पर पूर्ण कर लिया जाए। अन्य राज्य के सीमा पार से छत्तीसगढ़ में धान नही आये इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने किसानों के धान की राशि का आनलाईन भुगतान की तकनीकी तैयारी अभी से करने का निर्देश दिया गया। किसानों को किए जाने वाले भुगतान पर उन्होंने निर्देश दिए कि सभी माइक्रो एटीएम चालू रखा जाए ताकि किसान समिति स्तर पर एटीएम से पैसे निकाल सके। इसके साथ ही उन्होंने ऋण व्यवसाय में वृद्धि के लिए शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि शाखाओं के माध्यम से कृषि के अलावा नॉन एग्रीकल्चर फाइनेसिंग भी किया जाए, ताकि ऋण व्यवसाय में वृद्धि हो। ग्रामीण अंचल में एटीएम को कैसे उपयोग करें एवं एटीएम से संबंधी जागरूकता के व्यापक प्रचार प्रसार करें। इस दौरान उन्होंने राजीव गांधी न्याय योजना एवं गोधन न्याय योजना के प्रगति की भी समीक्षा की।

इस अवसर पर बीज निगम सदस्य दिलीप पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष खरसिया मेहत्तर उरांव, नगर पालिक अध्यक्ष श्रीमती राधा सुनिल शर्मा, अभय महंती, सुनील शर्मा, नेत्रानंद पटेल, रूपेन्द्र शर्मा, संतोष राठौर, सरपंच ग्राम पंचायत सपिया विनय राठौर, अपेक्स बैंक प्रबंधक रायपुर अभिषेक तिवारी एवं ए.के.लहरे, लेखाधिकारी प्रभाकर कांत यादव, शाखा प्रबंधक एम. तिर्की, ओ.एस.डी ए.के.द्विवेदी, संवर्ग अधिकारी एस.एस.पी. सिंह उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480